# संवाद पत्र

# पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन

अंक 2 त्रैमासिक अप्रैल, 2007


## रेल बजट 2007-08

माननीय रेल मंत्री द्वारा 26-02-07 को संसद में पेश किये गये वर्ष 2007-08 के रेल बजट में पूर्वोत्तर सीमा रेल की निम्न परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है :

| परियोजना का नाम | लागत (रूपये) |
|---|---|
| ◆ मालदा और ओल्ड मालदा के बीच महानन्दा पुल पर रेल लाइन का दोहरीकरण | 21.17 करोड़ |
| ◆ न्यु गुवाहाटी-डिगारू लाइन का दोहरीकरण | 96.32 करोड़ |
| ◆ कामाख्या स्टेशन पर टर्मिनल व कोचिंग सुविधाएँ (फेज-II) | 18.22 करोड़ |

इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि 2006-07 के सप्लीमेंटरी बजट में नवम्बर, 06 में 4 नई रेल लाइन परियोजनाओं-आजरा-बरनीहाट, दीमापुर-कोहिमा, अररिया-ठाकुरगंज व आलुवाबाड़ी-सिलीगुड़ी लाइन का आमान परिवर्तन स्वीकृत किया गया था जिनके सर्वेक्षण और प्रारम्भिक प्लानिंग का कार्य शुरू किया जा चुका है।

बजट भाषण में 11 वीं पंचवर्षीय योजना के अन्त यानि 2012-13 तक पूर्वोत्तर सीमा रेल पर कटिहार-न्यू जलपाईगुडी गुवाहाटी रेल मार्ग के विद्युतीकरण की भी घोषणा माननीय रेलमंत्री द्वारा की गई।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र के माननीय सांसदों के साथ बैठक



पूर्वोत्तर क्षेत्र के माननीय सांसदों के साथ दिनांक 01-02-2007 को गुवाहाटी में आयोजित बैठक का एक दृश्य

पूर्वोत्तर सीमा रेल क्षेत्र पर माननीय सांसदों के साथ दिनांक 01-02-07 को लामडिंग मंडल, 02-02-07 को रंगिया व तिनसुकिया मंडल और 06-02-07 को कटिहार व अलीपुरद्वार मंडल क्षेत्र में बैठकों का आयोजन किया गया। इसमें ओपन लाइन व निर्माण विभाग के महाप्रबन्धक, विभागाध्यक्ष व मंडल रेल प्रबन्धकों ने भाग लिया। निर्माण विभाग की ओर से माननीय सांसदों को विभिन्न रेल परियोजनाओं की प्रगति की स्थिति से अवगत कराया गया और सांसदों द्वारा दिए गए सुझावों पर आगे उचित कार्रवाई के लिए दर्ज किया गया।

## सचल ट्रेन रेडियो संचार-परियोजना

सचल ट्रेन रेडियो संचार का कार्य गुवाहाटी-कटिहार-मालदा टाऊन के बीच किया जा रहा है। सचल ट्रेन रेडियो संचार प्रणाली रेलवे में परिचालन और आपातकालीन संचार हेतु लगाई जा रही है जो कि जी. एस. एम. आर. तकनीक पर आधारित है। यह तकनीक सार्वजनिक उपयोग में की जा रही प्रणाली का उन्नत रूप है जिसमें रेलवे से सम्बन्धित विशेष आवश्यकताओं को शामिल किया गया है। सचल उपकरण प्रत्येक ड्राइवर, गार्ड, स्टेशन, नियंत्रक और अनुरक्षण कर्मचारियों को दिया जाएगा जिससे वे चलती गाड़ी से आपस में सम्पर्क रख सकेंगे। गुवाहाटी और न्यू बंगाईगांव के बीच इसका कार्य पूरा हो चुका है और प्रथम चरण में इसे परीक्षण के तौर पर मार्च, 2007 में सभी स्टेशनों, अनुरक्षण कर्मियों तथा कुछ गाड़ियों में देकर चालू किया गया है और 2007-08 में पूरी तौर पर चालू कर दिया जाएगा।

## 58 वां गणतंत्र दिवस समारोह


58 वें गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर महाप्रबंधक/निर्माण, श्री ए. के. जैन ने कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के अंतर्गत झंडात्तोलन किया,



राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए महाप्रबंधक/निर्माण

जिसमें अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई दी और कहा कि निर्माण संगठन के जिम्मे लामडिंग-सिलचर, जिरिबाम-इम्फाल तथा कुमारघाट-अगरतला की राष्ट्रीय परियोजनाएँ हैं तथा इन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए संगठन को कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दिनांक 06.10.2006 तथा 29.11.2006 को आतंकी हमलों में रेल कर्मचारियों एवं ठेकेदारों के श्रमिकों के मारे जाने की घटना के लिए गहरी संवेदना प्रकट की। साथ ही निर्माण संगठन द्वारा विभिन्न परियोजनाओं को पूरा किये जाने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

## लामडिंग-सिलचर आमान परिवर्तन-राष्ट्रीय परियोजना के काम में विलम्ब



लामडिंग-सिलचर पहाड़ी सेक्शन में सुरक्षा चौकी।

राष्ट्रीय परियोजना-लामडिंग-सिलचर आमान परिवर्तन कार्य की प्रगति पहाड़ी सेक्शन में उग्रवादी गतिविधियों के कारण प्रभावित रही। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती एवं चिन्हित 65 वृहत कार्यस्थलों पर संवर्द्धित सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। दिनांक 12-01-2007 को दिल्ली में केन्द्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सदस्य सुरक्षा एवं महानिदेशक/रेल सुरक्षा बल, रेलवे बोर्ड, सम्मिलित हुए। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ करने हेतु अपर महानिदेशक, रेल सुरक्षा बल, पू. सी. रेल ने निर्माण स्थलों का दौरा किया।

उग्रवादी गतिविधियों के कारण विषम पहाड़ी सेक्शन में निर्माण कार्य की गति बहुत धीमी हो गई है एवं वर्ष 2006-07 में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पायी है। अतः अब यह परियोजना मार्च, 2009 के निर्धारित लक्ष्य अवधि में पूर्ण होना सम्भव नहीं है और आगे का लक्ष्य सुरक्षा की स्थिति में सुधार के बाद ही निर्धारित किया जा सकेगा।

## निर्माण संगठन की उपलब्धियाँ

### विगत तीन महीनों के दौरान निर्माण संगठन द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य निम्नानुसार हैं।

- लामडिंग-सिलचर आमान परिवर्तन परियोजना के अन्तर्गत कटाखाल नदी पर पुराने रेल-सह-सड़क पुल संख्या 20 की जगह नये पुल (3 X 45.5 मीटर) पर यातायात दिनांक 21-02-07 को सी आर एस की स्वीकृति के पश्चात चालू हो गया।
- **न्यू गुवाहाटी में सिक लाइन का संवर्धन** कार्य पूरा हो चुका है तथा प्रयोग के लिए ओपन लाइन को सुपुर्द किया जा चुका है।
- **सिलीगुड़ी स्थित न्यू बीजी डीजल सेड** का कार्य **फरवरी, 2007 में पूरा हो चुका है** तथा उच्च शक्ति (4000 अश्व शक्ति) इंजन के अनुरक्षण की सुविधाएँ प्रदान की जा चुकी हैं।
- लामडिंग मंडल में अजुरी-धरमतुल में नई क्रॉसिंग स्टेशन पर दिनांक 11-01-07 से यातायात प्रारम्भ किया गया।
- अलीपुरद्वार जंक्शन से न्यू कूचबिहार तक का आमान परिवर्तन का कार्य पूरा कर लिया गया और 19-03-07 को मालगाड़ी इस मार्ग पर चलायी गई। सी आर एस का निरीक्षण अपेक्षित है।

## दयांग पुल का अभिकल्प

अभिकल्प इकाई द्वारा लामडिंग-सिलचर आमान परिवर्तन परियोजना हेतु दयांग पुल के अभिकल्प को पूरा किया गया। इस रेल पुल की कुल ऊंचाई 54.465 मीटर है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में अब तक का सबसे ऊंचा रेल पुल है। इस पुल की कुल लम्बाई 671 मीटर है। इस अभिकल्प को किफायती बनाने के लिए इसके तीन पायों की नींव खुली तथा पायों को शुडांकार व सेल्युलर रखा गया। इसका पाया उष्मीय प्रतिबल को वहन करने में सक्षम है।

## बोगीबिल रेल सह सड़क पुल के संबंध में राइट्स लिमिटेड गुड़गांव तथा आर.डी.एस.ओ (लखनऊ)के साथ हुई बैठक



प्रस्तावित बोगीबिल पुल का नक्शा

दिनांक 28.12.06 एवं 29.12.06 को निर्माण संगठन द्वारा आयोजित बैठक में राइट्स लिमिटेड गुड़गांव, आर.डी.एस.ओ तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन, मालीगांव, गुवाहाटी के इंजीनियरी टीम के बीच बोगीबिल रेल-सह-सड़क पुल अधिसंरचना के डिजाइन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी और अन्त में डिजाइन को अन्तिम रूप देने के बारे में किफायती (इकोनॉमिक) डिजाइन को अनुशंसित किया गया। अभी मुख्य पुल का कार्य शुरू नहीं हो पाया है और निविदा स्वीकृति के लिये रेलवे बोर्ड में लम्बित है।

## 21 वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस



पू.सी. रेल द्वारा सम्मेलन में लगाये गये स्टॉल का एक दृश्य।

इंजीनियरी संस्थान (भारत) के असम राज्य के स्थानीय केन्द्र गुवाहाटी में दिनांक 21से 24 दिसम्बर, 2006 को आयोजित 21 वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस में निर्माण संगठन के तकनीकी विभाग (इलेक्ट्रिकल एवं स्टोर्स, सिगनल एवं टेली कम्यूनिकेशन तथा इंजीनियरिंग) से पंद्रह अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर निर्माण संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों के साथ-साथ पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के संचालन, रखरखाव तथा सुरक्षा प्रणाली में उपयोगी उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। आगन्तुकों को रेल की कार्य प्रणाली व पूर्वोत्तर सीमा रेलवे निर्माण संगठन की परियोजनाओं की जानकारी दी गई।

श्रीमती अनिन्दिता सिन्हा, कनिष्ठ इंजीनियर/II/नि/रेल पथ/योजना ने प्रदर्शनी द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

## वर्ष 2007 की पहली क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



बैठक के दौरान महाप्रबंधक/निर्माण के साथ उपस्थित अधिकारीगण

श्री ए. के. जैन महाप्रबन्धक निर्माण की अध्यक्षता में निर्माण संगठन के सभाकक्ष में दिनांक 25-01-2007 को वर्ष की पहली क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए, जिसमें हिन्दी के प्रचार-प्रसार सम्बन्धी नीतिगत विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## "संवाद पत्र " का विमोचन



'संवाद पत्र' का विमोचन करते हुए महाप्रबंधक/निर्माण।

महाप्रबंधक/निर्माण, पूर्वोत्तर सीमा रेल, द्वारा दिनांक 04-01-2007को राजभाषा अनुभाग/निर्माण संगठन द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक 'संवाद पत्र' के प्रवेशांक का विमोचन किया गया।

## महाप्रबंधक/निर्माण संगठन में प्रवीण-प्राज्ञ कक्षाओं का शुभारंभ



निर्माण पुस्तकालय में संचालित प्रवीण-प्राज्ञ की कक्षाएं

दिनांक 25-01-2007 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की इस वर्ष की पहली बैठक में कर्मचारियों तथा अधिकारियों की सुविधा हेतु महाप्रबंधक/निर्माण द्वारा दिए गए सुझाव के तहत दिनांक 14-02-2007 से राजभाषा अनुभाग/निर्माण में हिन्दी प्रवीण एवं प्राज्ञ कक्षाओं का शुभारंभ राजभाषा विभाग गृहमंत्रालय के सौजन्य से किया गया। वर्तमान सत्र जनवरी-मई, 2007 का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न अनुभागों से कुल 36 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## नये उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (निर्माण) तथा राजभाषा अधिकारी/निर्माण की नियुक्ति



श्री एस. बेहरा

श्री एस. बेहरा ने दिनांक 12-03-2007 को निर्माण संगठन में नये उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/नि के पद पर कार्य सम्भाला। इस पद पर पूर्व में कार्यरत श्री ए. के सैकिया का पूर्व रेल में पदोन्नती पर स्थानांतरण हुआ।



श्री एस. वी.शुक्ल

निर्माण संगठन में रिक्त पड़े राजभाषा अधिकारी के पद पर श्री एस. वी शुक्ल/राजभाषा अधिकारी ने तिनसुकिया से स्थानांतरण के पश्चात दिनांक 15-03-07 को पद भार ग्रहण किया।

## वर्ष 2006-07 की लक्ष्य निर्धारित परियोजनाओं की स्थिति

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ कुमारगंज-एकलाखी (दोहरीकरण) | 11-09-2006 को चालू कर दिया गया। | |
| ◆ बारसोई-कटिहार (आमान परिवर्तन) | 80 % | जून, 07 |
| ◆ रंगिया-सिलघाट (आमान परिवर्तन) | 80 % | जून, 07 |
| ◆ अलीपुरद्वार-बामनहाट (आमान परिवर्तन) | 85 % | मई, 07 |
| ◆ मानु-अगरतला | 75 % | फेज-I मानु-अम्बासा जून, 07 फेज-II अम्बासा-अगरतला दिसम्बर, 07 |

## यातायात सुविधा

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ माजगांव (असम) क्रासिंग स्टेशन | जून, 2006 को चालू कर दिया गया। | |
| ◆ कामाख्या स्टेशन की लाइन संख्या 4, 5 एवं 6 | जुलाई, 2006 को चालू कर दी गयी। | |
| ◆ अजुरी-धरमतुल क्रासिंग स्टेशन | जनवरी, 2007 में चालू कर दिया गया। | |

## वर्कशॉप

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ सिलीगुड़ी बीजी डीजल शेड | 100 % | फरवरी, 07 में पूरा किया गया। |
| ◆ न्यू जलपाईगुड़ी गुड्स ट्रेन निरीक्षण सुविधा | 100 % | दिसम्बर, 06 में चालू कर दिया गया। |
| ◆ न्यू बंगाईगांव गुड्स सिक लाइन व निरीक्षण सुविधा | 90 % | मार्च, 07 |
| ◆ न्यू गुवाहाटी सिक लाइन का विस्तार | 100 % | जनवरी, 07 में चालू कर दिया गया। |

## सिगनल एवं दूरसंचार निर्माण कार्य

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ कामाख्या स्टेशन पर आर.आर.आई. | जुलाई, 06 में चालू कर दिया गया। | |
| ◆ लामडिंग-सिलचर शाखा में 8 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग कार्य | 6 स्टेशन अब तक चालू कर दिए गए | जून, 07 |
| ◆ रंगिया मंडल में 4 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग | 2 स्टेशनों को चालू कर दिया गया | अप्रैल, 07 |
| ◆ तिनसुकिया मंडल पर 4 स्टेशनों का पैनल व इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन | 5 स्टेशन | अप्रैल, 07 |
| ◆ एस.आर.एस.एफ.के अन्तर्गत ट्रैक सर्किटिंग और पुनःस्थापन | कार्य मार्च, 07 में पूरा कर लिया गया। | |
| ◆ अलीपुरद्वार-सिलीगुड़ी के मध्य ऑप्टिक फाइबर व क्वाड केबिल | अगस्त, 06 को चालू कर दिया गया। | |
| ◆ रंगिया-रंगापाड़ा के मध्य क्वाड केबिल | मार्च, 07 में पूरा कर लिया गया। | |

## वर्ष 2006-07 में पूरे किये गये सर्वेक्षण

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य (आकड़े कि.मी. में) | पूरा करने की तिथि | रेलवे बोर्ड भेजने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नेउलीगंज से हल्दीबाड़ी तक नई लाइन | पश्चिम बंगाल (17.20) | जुलाई, 06 | 02-08-06 |
| 2 | नागिनीमोरा से अमगुड़ी तक नई लाइन | असम (28.30) नागालैंड (1.05) | दिसम्बर, 06 | 02.01.07 |
| 3 | बैरेटी से ईटानगर | असम (14.00) अरुणाचल प्रदेश (32.00) | मई, 06 | 05.05.06 |
| 4 | किशनगंज से जलालगढ़ (पूर्णिया) तक नई लाइन | बिहार (50.077) | दिसम्बर, 06 | 02.01.07 |
| 5 | न्यू जलपाईगुड़ी से न्यू अलीपुरद्वार कन्वेंशनल भी की दोहरीकरण | पश्चिम बंगाल (146.51) | दिसम्बर, 06 | 02.01.07 |
| 6 | बुनियादपुर से कालियागंज नई लाइन | पश्चिम बंगाल (33.131) | दिसम्बर, 06 | 02.01.07 |
| 7 | बारसोई से चांचल तक नई लाइन | बिहार (15.212) पश्चिम बंगाल (17.50) | फरवरी, 07 | 02.03.07 |
| 8 | मुर्कोंगसेलेक से पासीघाट तक नई लाइन | असम (7.33) अरुणाचल प्रदेश (23.2) | मार्च, 07 | 16.03.07 |
| 9 | हल्दीबाड़ी से चांगराबांधा तक नई लाइन | पश्चिम बंगाल (25.70) | मार्च, 07 | 30.03.07 |

## पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण के लिये वर्ष 2007-2008 में अनुमोदित आबंटन

| | नए कार्य | (रूपए करोड़ में) | |
|---|---|---|---|
| | | 2006-07 | 2007-08 |
| 1 | गेज परिवर्तन* | 247.68 | 276.98 |
| 2 | नई लाइन* | 420.27 | 373.97 |
| 3 | दोहरीकरण | 8.65 | 13.51 |
| 4 | वर्कशॉप | 13.88 | ** |
| 5 | सिगनल एवं दूरसंचार | 38.40 | 30.74 |
| 6 | यातायात सुविधा | 13.56 | 3.90 |
| | कुल | 742.44 | ---- |

* राष्ट्रीय निधि आबंटन शामिल नहीं है। वर्ष 2006-07 में कुल परिव्यय लगभग 1082 करोड़ रूपया किया गया, जिसमें राष्ट्रीय फण्ड (277 करोड़ रूपये) व डिपोजिट वर्क (37 करोड़ रूपये) का खर्च शामिल है।

** आबंटन ऑपेन लाईन से प्राप्त नहीं हुआ।

बजट 2007-08 में पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण द्वारा निष्पादित किये जा रहे निम्नलिखित परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। परन्तु राष्ट्रीय निधि अभी प्राप्त नहीं हुई है।

1. बोगीबिल रेल सह सड़क पुल
2. अजारा-बरनीहाट
3. रंगिया-मुर्कोंगसेलेक
4. दीमापुर-कोहिमा

जनसम्पर्क अनुभाग/निर्माण की ओर से वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी/निर्माण द्वारा प्रकाशित,
दूरभाष : 2372794, 23012 9864012934
मुद्रक : बाला ग्राफिक्स एण्ड आफसेट प्रेस, मालिगांव, गुवाहाटी-781012